संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ 09 दिनांक 14–3–2021

# तन और मन के साथ शहर को भी स्वच्छ रखें

## स्वच्छता जागरूकता व स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा

14-3-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। स्वच्छता तन, मन और विचार में होगी तो हमारा शरीर भी स्वस्थ होगा। ठीक इसी तरह जब हमारा घर, मोहल्ला और शहर स्वच्छ होगा तो अपना शहर स्वस्थ भी होगा। अब स्वच्छता को सफाई से आगे इस सोच के साथ बढ़ाना चाहिए कि यह हमारे शहर के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। यह सोच बदलेगी तो स्वच्छता का स्तर और भी ऊंचा होगा।

यह बात स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के तहत नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के मार्गदर्शन में आयोजित स्वच्छता जागरूकता और स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम में प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एमके जैन ने कही। महिला बाल विकास विभाग शहर परियोजना क्रमांक-एक की पर्यवेक्षक फिरदोस खान ने कहा कि खाली प्लाट पर कचरा जलाने से लोगों को रोका जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक सेल्फ अनुशासन नहीं रहेगा, तब तक शहर को स्वच्छ रखना मुश्किल है।

मूक बधिर स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक सतीशचंद्र तिवारी ने कहा कि स्वच्छ और स्वास्थ्य दोनों का आपस में तालमेल है। अगर स्वच्छता नहीं रहेगी तो हम स्वास्थ्य नहीं रह सकते। डा. शहनाज सैयद ने कहा कि हर कालोनी में स्वच्छता पर निगरानी रखने के लिए एक व्यक्ति तय किया जाना चाहिए।

### प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



प्रतियोगिता की विजेताओं को प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया। ● नईदुनिया

स्वच्छता जागरूकता और स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम के दौरान रंगोली, निबंध, वाद-विवाद, भाषण, चित्रकला सहित आधा दर्जन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में सफल हुए प्रतियोगियों को अतिथियों ने प्रमाण पत्र, स्मृति चि- और बाल पेन देकर सम्मानित किया। संचालन फिरदोस खान ने किया। आभार वंदना सोलंकी ने माना।

# तन और मन के साथ ही शहर को भी स्वच्छ रखें नागरिक

## स्वच्छता जागरुकता व स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम में बोले वक्ता

पीपुल्स संवाददाता ● रतलाम

मो.नं. 9425195101

14-3-2021

स्वच्छता तन, मन और विचार में होगी तो हमारा शरीर भी स्वस्थ होगा। ठीक इसी तरह जब हमारा घर, मोहल्ला और शहर स्वच्छ होगा तो अपना शहर स्वस्थ भी होगा। अब स्वच्छता को सफाई से आगे इस सोच के साथ बढ़ाना चाहिए कि यह हमारे शहर के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। यह सोच बदलेगी तो स्वच्छता का स्तर और भी ऊंचा होगा।

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश और मार्गदर्शन में शुक्रवार को आयोजित स्वच्छता जागरुकता और स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम में उक्त विचार प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एमके जैन ने व्यक्त किए। श्री जैन ने कहा कि संवाद में यह बात भी सामने निकलकर आई कि स्वच्छता का संस्कार हमारे मन में होना चाहिए। यदि पॉलिथीन पर बैन लगाती है तो हमें भी किसी से पॉलिथीन में सामान लेने की अपनी सोच बदलनी होगी।

महिला एवं बाल विकास विभाग शहर परियोजना क्रमांक-1 की पर्यवेक्षक फिरदौस खान ने कहा कि खाली प्लॉट पर कचरा जलाने से लोगों को रोका जाना चाहिए। कार से थूकने वालों को भी सोचना चाहिए कि वे इस तरह की हरकत से समाज को क्या संदेश दे रहे हैं। डॉ. शहनाज सैयद ने कहा कि हर कॉलोनी में स्वच्छता पर निगरानी रखने के लिए एक व्यक्ति तय किया जाना चाहिए।

**बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया-** कार्यक्रम के दौरान रंगोली, निबंध, वाद-विवाद, भाषण, चित्रकला सहित आधा दर्जन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें सफल हुए प्रतियोगियों को अतिथियों ने प्रमाण पत्र, मोमेन्टो और बॉल पेन देकर सम्मानित किया। संचालन फिरदौस खान ने किया। आभार वंदना सोलंकी ने माना।

14-3-2021

(15)

# मिशन नगरोदय द्वारा विकास एवं निर्माण कार्यों की सौगात मिली

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

15-3-2021

आजादी के अमृत महोत्सव अभियान की शुरूआत पर मिशन नगरोदय के तहत मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा वर्चुअल रूप से राज्य स्तरीय कार्यक्रम द्वारा रतलाम जिले के नगरीय निकायों में 843 लाख 58 हजार रुपए लागत के निर्माण कार्यों का शिलान्यास तथा 221 लाख रुपए लागत के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम से प्रसारित उद्बोधन का सीधा प्रसारण को अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, हितग्राही आदि ने एलईडी के माध्यम से देखा व सुना। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर भारत की आजादी के 75 वर्ष को समारोहपूर्वक मनाने के लिए आजादी के अमृत महोत्सव अभियान की देशव्यापी शुरूआत 75 सप्ताह पूर्व 12 मार्च 2021 से की गई। मिशन नगरोदय के तहत नगर निगम रतलाम द्वारा 7 हितग्राहियों को 10-10 हजार रूपए के बगैर ब्याज के ऋण वितरण प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत किए गए। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत 4 स्वयं सहायता समूह को ऋण लाभ प्रदान किया गया।

दबंग दुनिया

15/3/2021

(२२)

**बेकाबू कोरोना** | देश में फिर पिछले साल जैसे हालात- महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पंजाब, मध्य प्रदेश, गुजरात, दिल्ली, कर्नाटक और हरियाणा में सबसे ज्यादा मामले

# देश में 24,882 नए मरीज, इस साल एक दिन में सबसे ज्यादा, रतलाम में 24 संक्रमित मिले

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली/भोपाल/रतलाम

14-3-2021

देश में कोरोना संक्रमण में फिर चिंताजनक बढ़ोतरी हो रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की शनिवार को दी गई जानकारी के अनुसार बीते 24 घंटे में कोरोना के 24,882 नए मामले सामने आए हैं। यह इस साल एक दिन में मरीजों की सर्वाधिक संख्या है। इससे पहले पिछले साल 20 दिसंबर को एक दिन में सबसे ज्यादा 26,624 लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी। रतलाम में 69 दिन बाद 24 संक्रमित मिले। इससे पहले 2 जनवरी को 23 पॉजिटिव, 4 जनवरी को 24 पॉजिटिव सामने आए थे। भोपाल में 63 दिन बाद फिर संक्रमितों का आंकड़ा 150 के पास पहुंच गया है। यहां एक दिन में भी 170 संक्रमित मिले हैं। इससे पहले 9 जनवरी को शहर में 169 मरीज सामने आए थे। भोपाल में कोरोना के संक्रमण की रफ्तार का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पिछले 10 दिन में औसतन 89 मरीज प्रतिदिन के हिसाब से 890 नए मरीज बढ़ गए हैं। जबकि, उससे पहले 10 दिन में प्रतिदिन मिलने वाले नए मरीजों का औसत 68.5 था। यानी तब 10 दिन में महज 685 नए मरीज ही मिले थे। इस प्रकार इन 10 दिनों में पहले के मुकाबले 205 मरीज ज्यादा मिले हैं।

## रतलाम में आज से बिना मास्क वालों को नहीं देंगे पेट्रोल

रतलाम जिले में कोरोना पॉजिटिव अब फिर बढ़ने लगे हैं। शनिवार को एक साथ 24 पॉजिटिव मिले। संक्रमितों में 7 लोगों की उम्र 30 साल से कम है। इधर, अब सख्ती की तैयारी भी हो गई है। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने शनिवार को आदेश जारी किए कि पेट्रोल पंप पर उन्हीं चालकों को डीजल-पेट्रोल मिलेगा जो पेट्रोल पंप पर मास्क लगाकर आएंगे। इसकी सूचना का फ्लेक्स पेट्रोल पंप संचालक को पेट्रोल पंप पर लगाना होगा। जांच में अगर कर्मचारी बिना मास्क वाले वाहन चालक को डीजल-पेट्रोल देते हुए मिलते हैं तो कार्रवाई की जाएगी। रतलाम में अब तक 4564 लोग संक्रमित हो चुके हैं और 84 लोगों की जान जा चुकी है। जिले में एक्टिव मरीजों की संख्या 124 है।

## इंदौर में फरवरी के मुकाबले अस्पताल में मरीजों की संख्या 10 गुना हुई, 39 मरीज वेंटिलेटर पर

इंदौर में फरवरी में अस्पतालों में हर दिन मात्र 7 से 10 मरीज भर्ती हो रहे थे। करीब 50 फीसदी अस्पतालों में एक भी कोरोना मरीज नहीं था। अब स्थिति पूरी तरह से बदल गई है। हर दिन 100 से ज्यादा मरीज अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं, यानी 10 गुना अधिक। बीते 24 घंटे में ही 36 मरीज उपचार के लिए वेंटिलेटर पर आ गए हैं। इस तरह कुल 39 मरीज वेंटिलेटर पर हैं। अभी 1582 एक्टिव मरीज में से 602 अस्पताल में तो 980 होम आइसोलेशन में उपचार करा रहे हैं।

## टीके का नया रिकॉर्ड

### देश में... एक दिन में सबसे ज्यादा 20,53,537 लोगों को टीका लगाया

कोरोना टीका लगाने में भी रिकॉर्ड बना है। एक दिन में सबसे ज्यादा 20,53,537 लोगों को टीका लगाया गया है। अब तक टीके की कुल 2.6 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शनिवार सुबह जारी आंकड़ों के मुताबिक नए संक्रमित मामलों की संख्या बीते 83 दिन में सबसे अधिक है।

### मप्र में 177385 और भोपाल में 14623 लोगों को लगाया टीका

प्रदेश में शनिवार को 177385 और भोपाल में 14623 लोगों को कोरोना के टीके लगाए गए। भोपाल में 11972 लोगों को कोविशील्ड और 2651 को को-वैक्सीन लगाई गई। शहर में 3199 लोगों को वैक्सीन का दूसरा डोज लगाया गया। इनमें 1357 हेल्थ केयर वर्कर्स और 1842 फ्रंट लाइन वर्कर्स शामिल हैं।


दै. भास्कर 14-3-2021

# 24 नए मामले, 52 दिन बाद 20 से अधिक मरीज मिले

## कोरोना संक्रमण की रफ्तार तेज : 369 सैंपलों की रिपोर्ट मिली, 124 मरीज एक्टिव

14-3-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में कोरोना की रफ्तार एक बार फिर तेज होने लगी है। शनिवार को 369 रिपोर्ट में 24 पाजिटिव मिले और एक मरीज को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया है। 52 दिन बाद एक साथ 20 अधिक नए मामले मिले हैं। इसके पहले 21 जनवरी को 20 एक साथ मरीज मिले थे, उसके बाद लगातार मामले कम होते गए और फरवरी में तो एक भी दिन नौ से अधिक मरीज नहीं मिले। आठ मार्च से मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है और स्वस्थ होने वालों की संख्या भी कम होती जा रही है। जिससे एक्टिव मरीजों का आंकड़ा 124 पहुंच गया है।




### इस तरह बढ़ रहे नए मरीज

| तारीख | सैंपल | पाजिटिव | मौत | स्वस्थ | एक्टिव |
|---|---|---|---|---|---|
| 08 मार्च | 96 | 07 | 00 | 05 | 60 |
| 09 मार्च | 283 | 15 | 01 | 05 | 69 |
| 10 मार्च | 235 | 19 | 00 | 02 | 86 |
| 11 मार्च | 120 | 15 | 00 | 07 | 94 |
| 12 मार्च | 331 | 16 | 01 | 08 | 101 |
| 13 मार्च | 369 | 24 | 00 | 01 | 124 |

जिले में अब तक कुल 4564 संक्रमितों में से 4356 स्वस्थ हुए, जबकि 48 की मौत हुई। मार्च के 13 दिन में 137 नए मामले मिले, 47 स्वस्थ हुए और दो मौत हुई। स्वस्थ होने वाले मरीजों से नए मरीजों का आंकड़ा दोगुना से भी अधिक है। 24 घंटे में वर्धमान नगर, गुलमोहर कालोनी, पीएनटी कालोनी, कस्तूरबा नगर, सज्जन मिल रोड, पावरहाउस रोड, सागोद रोड गोपाल गोशाला कालोनी, अंबिका हास्टल अस्सीफिट रोड, अलकापुरी, मिड टाउन, पीएनटी कालोनी, गोपाल नगर, महावीर नगर, मित्र निवास रोड, सैलाना, जावरा से नए मरीज मिले हैं।

### पंप पर मास्क लगाने वालों को ही मिलेगा डीजल-पेट्रोल

कोरोना संक्रमण के चलते कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने पेट्रोल पंप पर उन्हीं वाहन चालकों को डीजल-पेट्रोल देने के आदेश दिया जो पंप पर मास्क लगाकर आएंगे। इसकी सूचना भी पंप संचालक अपने पंप पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करेंगे। जांच में अगर किसी भी कर्मचारी द्वारा बगैर मास्क वाले वाहन चालक को डीजल-पेट्रोल प्रदान किया गया तो कार्रवाई की जाएगी।



नई दुनिया
14-3-2021

# लोग कोरोना संक्रमण से बचने मास्क जरूर लगाएं : शिवराज

21 [illegible] 14-3-2021

भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि कोरोना के चलते हॉल में होने वाले कार्यक्रम आधी क्षमता से होंगे।

श्री चौहान ने ट्वीट के माध्यम से कहा कि प्रदेश के बड़े हिस्से में अभी कोरोना संक्रमण नहीं है, लेकिन लगभग 10 जिले ऐसे हैं, जहां कोरोना संक्रमण के 10 से ज्यादा केसेज आ रहे हैं, विशेषकर इंदौर-भोपाल में। हमने तय किया है कि हॉल में होने वाले कार्यक्रम आधी क्षमता से होंगे। श्री चौहान ने कहा कि लोग मास्क जरूर लगाएं, इसके लिए अतिआग्रह किया जा रहा है। कोरोना के प्रति लोगों को फिर से जागरूक करने के लिए जनजागरण का अभियान चलाने का हमने फैसला किया है। हर स्थिति पर हम नजर रखे हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर इंदौर-भोपाल में रात में दुकानों के खुलने के समय को लेकर निर्णय किया जा सकता है। सोमवार को प्रदेश में कोरोना की स्थिति की समीक्षा कर आगामी निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन कार्य प्रदेश में जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से वैक्सीनेशन के अभियान को तेजी से चला रहे हैं और निर्धारित समय में इसे पूरा करेंगे।

# कोरोना संक्रमण : सोमवार से मास्क नहीं तो जुर्माना ₹ 20

पत्रिका सोशल वैल्यू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 14-3-2021

रतलाम. शहर में सोमवार से बगैर मास्क के घर से निकलना भारी पड़ सकता है। बगैर मास्क के पाए जाने पर सीधे 200 रुपए की रसीद कटेगी। दूसरी बार भी बगैर मास्क के पाए गए तो जेल भेज दिया जाएगा। इस बारे में नगर निगम ने शनिवार को हुई आपात बैठक में निर्णय ले लिया है। असल में रतलाम सहित राज्य में कोरोना के बढ़ते प्रभाव के बाद इस बारे में शुक्रवार को नगरीय निकाय विभाग के आयुक्त ने सभी नगर निगम को संदेश भेजकर सख्त निर्णय के लिए चेताया था।

असल में शुक्रवार को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने वीसी के माध्यम से राज्य के सभी निगम आयुक्त व कलेक्टर को कहा था कि कोरोना के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए अभी से सचेत होना जरूरी है व इसके लिए आमजन में जरूरी बचाव के संदेश जाए। इस निर्देश के बाद नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने शनिवार को बैठक करके किसी भी प्रकार के आपात हालात होने पर अधिकारियों को तैयार रहने को कहा है। इतना ही नहीं, कचरा वाहन से भी कोरोना के संक्रमण से बचाव के लिए जरूरी संदेश देने को कहा है।

## यह निर्णय लिया गया बैठक में



शनिवार को हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि सोमवार से अनिवार्य मास्क लगाना जरूरी किया जाएगा। इतना ही नहीं सामाजिक दूरी रखने के साथ साथ माइक पर भी इसका प्रचार किया जाएगा। पूर्व में कोरोना के लॉकडाउन में जिस तरह से दुकानों के बाहर गोले बनाए गए थे, उसी तरह इनको बनाना व उपभोक्ताओं के बीच दूरी रखना अनिवार्य किया गया है। शहर के विभिन्न चौराहों पर भी पुलिस व नगर निगम के कर्मचारी खड़े रहेंगे व महाराष्ट्र, गुजरात की तर्ज पर बगैर मास्क के व्यक्ति पर 200 रुपए का जुर्माना किया जाएगा। बगैर मास्क के पहली बार पाए जाने पर 200 रुपए न्यूनतम जुर्माना है, लेकिन दूसरी बार इस तरह से पाए जाने पर सीधे जेल भेज दिया जाएगा।

शहर में जिस तरह से कोरोना के मरीज बढ़ रहे हैं, उसके बाद सोमवार से मास्क का उपयोग अनिवार्य किया जा रहा है। पहली बार 200 रुपए जुर्माना व दूसरी बार बगैर मास्क के पाए जाने पर जेल होगी। आमजन मास्क के बगैर घर से नहीं निकले। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

## बिना मास्क वालों को
## मिलेगा डीजल-पेट्रोल

जिले में किसी भी वाहन चाल
बिना मास्क के पेट्रोल पंप प
पर पेट्रोल व डीजल नहीं मि
सकेगा। कलेक्टर गोपालचं
एक आदेश जारी किया है, 
तहत पेट्रोल पंप पर उन्हीं वा
चालकों को डीजल-पेट्रोल 
जो पेट्रोल पंप पर मास्क ल
आएंगे। इस संबंध में पंप सं
को सूचना का फ्लेक्स पेट्रोल
अनिवार्य रूप से लगाना होग
लोगों को दिख सके। जांच
पाया गया कि कर्मचारी द्वारा
मास्क वाले वाहन चालक क
डीजल-पेट्रोल दे रहे हैं तो 
के खिलाफ नियमानुसार आ
कार्रवाई की जाएगी।

4 [illegible]
14-3-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार स्वदेश पृष्ठ 05 दिनांक 14-3-2021

### निगम आयुक्त झारिया ने वार्ड वार नियुक्त पर्यवेक्षकों की बैठक ली

# आज से वार्ड 14 व 41 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाने का कार्य शुरु

रतलाम ● स्वदेश समाचार 14-3-2021

नगर को जीरो वेस्ट बनाए जाने के तहत वार्ड क्रमांक 3, 7, 8, 17, 18 व 19 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है वहीं स्व-सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी हुआ।



वार्ड क्रमांक 3, 7, 8, 17, 18 व 19 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाए जाने की सफलता का देखते हुए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने 13 मार्च से वार्ड क्रमांक 14 व 41 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

श्री झारिया द्वारा वार्ड क्रमांक 14 व 41 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाए जाने के कार्य का निरीक्षण प्रातः क्षेत्रिय जनप्रतिनिधि, निगम अधिकारी, कर्मचारी आदि के साथ करीब 3 घंटे तक किया गया। वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाए जाने हेतु प्रत्येक वार्ड में 2-2 कचरा संग्रहण वाहन बिना हेल्पर प्रातः लगाए गए जिससे घर-घर से स्व-सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक लिया गया। अब तक नगर के 49 वार्डों में से 8 वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जा चुका है।

श्री झारिया ने शुक्रवार को आयोजित बैठक में कहा कि 50 माइक्रॉन से कम मोटाई की पॉलिथीन को पूर्णतः बंद किया जाना है इसके लिए सभी वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, स्पॉट फाईन दल यह निगरानी रखें कि इसका भण्डारण कहां होता है व विक्रय कौन-कौन करता है सही जानकारी प्राप्त होने पर संबंधित की पॉलिथीन जब्त की जाकर फुटकर व्यवसायियों पर 50 व दुकानदारों पर 5000 का स्पॉट फाईन किया जाए साथ ही अब तक जब्त की गई 50 माइक्रॉन से कम मोटाई की पॉलिथीन को जुलवानिया ट्रैंचिंग ग्राउंड पर ले जाकर नष्ट किया जाए। निगम आयुक्त ने निर्देश दिए कि नगर में बगैर मास्क के घूमने वाले व्यक्तियों पर 100-100 रुपए का स्पॉट फाईन सख्ती से किया जाए।

श्री झारिया ने कहा कि खुले में कचरा फेंकने वालों पर जुर्माना किए जाने कार्रवाई में तेजी लाई जाए। इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि सभी सड़कों की स्वीपिंग कराई जाए साथ ही व्यावसायिक क्षेत्रों में रात्रिकालीन स्वीपिंग करवाई जाए, शहर के सार्वजनिक शौचालय, मूत्रालयों की नियमित धुलाई, सफाई, कीटनाशक दवा छिड़काव, प्रकाश, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

जीरो वेस्ट वार्ड 3, 7, 8, 14, 17, 18, 19 व 41 में 2-2 कचरा संग्रहण वाहन बिना हेल्पर के पंहुचे वाहन के साथ दुर्गा व ईश्वर स्व-सहायता समूह रैग पिकर्स महिला, आई.ई.सी. टीम के सदस्य, वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, इंजीनियर आदि ने वार्ड के 100 प्रतिशत घरों पर जाकर नागरिकों से गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक प्राप्त कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक वाहनों में डाला। संग्रहित किए गए सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली कर समूह की महिलाओं द्वारा कचरे की छंटनी कर एकत्रित किया गया।

श्री झारिया ने कहा कि स्व-सहायता समूहों की रैग पिकर्स महिलाएं अपना एवं अपने परिवार का जीवनयापन करने के लिए अपने बच्चों के साथ जुलवानिया ट्रैंचिंग ग्राउण्ड पर सूखे कचरे से प्लास्टिक, रबर, बॉटल व अन्य सामग्री अलग-अलग करके कबाड़ी को विक्रय कर नारकीय जीवन व्यतीत कर रही थी। जीरो वेस्ट वार्ड बनाने के तहत अब जुलवानिया की रैग पिकर्स महिलाओं को वार्डों में ही काम मिलने लगा है व इनकी सुरक्षा के लिए निगम द्वारा एप्रीन, ग्लवेस, मास्क आदि उपलब्ध कराए गए है। इन्हें वार्ड में ही कार्य मिलने से इनके जीवन स्तर में सुधार होगा।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ (18) दिनांक 14-3-2021

# श्रीजी व बालाजी डिस्पोजल से 374 किलो पॉलीथीन जब्त की

रतलाम। शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किये जाने के तहत कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

धानमण्डी क्षेत्र में श्रीजी डिस्पोजल से 242 किलो व बालाजी डिस्पोजल से 132 किलो 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन निगम आयुक्त के निर्देशानुसार स्पॉट फाईन द्वारा जब्त की जाकर संबंधितों पर 5000 व 3000 का जुर्माना किया। इसके अलावा काटजू नगर क्षेत्र में अशोक माहेश्वरी द्वारा खुले में कचरा जाता है इसका विडियो निगम को प्राप्त होने पर स्पॉट फाईन दल द्वारा विडियो के आधार पर संबंधित के घर जाकर



500 रूपये का जुर्माना कर भविष्य में खुले में कचरा ना डालने की समझाईश दी।

# श्रीजी व बालाजी डिस्पोजल से 374 किलो पॉलीथीन जब्त

- 5000 व 3000 का किया जुर्माना - 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग प्रतिबंधित - उपयोग व भण्डारण पर होगी जब्ती व लगेगा दण्ड - खुले में कचरा डालने का विडियो मिलने पर किया जुर्माना

प्रसारण• ब्यूरो • रतलाम

14-3-2021

शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किये जाने के तहत कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

धानमण्डी क्षेत्र में श्रीजी डिस्पोजल से 242 किलो व बालाजी डिस्पोजल से 132 किलो 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पॉट फाईन द्वारा जब्त की जाकर संबंधितों पर 5000 व 3000 का जुर्माना किया।

इसके अलावा काटजू नगर क्षेत्र में अशोक माहेश्वरी द्वारा खुले में कचरा जाता है, इसका वीडियो निगम को प्राप्त होने पर स्पॉट फाईन दल द्वारा वीडियो के आधार पर संबंधित के घर जाकर 500 रूपए का जुर्माना कर भविष्य में खुले में कचरा ना डालने की समझाईश दी।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगरीय क्षेत्र रतलाम में सब्जी, फल-फ्रुट व अन्य सामग्री के फुटकर व्यवसायी अगर 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग करते है तो उन पर 50 रूपये का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जायेगी। इसी तरह दुकानदारो द्वारा 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग व भण्डारण करता है तो उस पर 5000/- रूपये का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जायेगी।

नगर के नागरिक, दुकानदार व फुटकर व्यापारियों से अपील की जाती है कि वे 50 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व प्लास्टिक का उपयोग व भण्डारण ना करें।

जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विराट मेहरा आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

प्रसारण 14-3-2021

# स्वच्छ सर्वेक्षण के फीडबैक में भोपाल शीर्ष पांच शहरों में

नई दुनिया 14-3-2021

भोपाल (नईदुनिया प्रतिनिधि)। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में फीडबैक के पैमाने पर भोपाल देश के शीर्ष पांच शहरों में शामिल हैं। अब तक भोपाल से करीब 4.85 लाख लोगों ने आनलाइन व काल करके फीडबैक दर्ज कराया है। इससे प्रतिशत में आंकड़ा 23 फीसद तक पहुंच चुका है। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में भोपाल से आगे प्रयागराज, विशाखापट्टनम, वाराणसी व गाजियाबाद है। निगम अफसरों का कहना है केंद्र से आने वाली मुख्य सर्वेक्षण टीम भी 11 बिंदुओं पर सवाल पूछेगी। इनमें सकारात्मक जवाब मिलने से रैंकिंग सुधर सकती है। पिछली बार सिटीजन फीडबैक में भोपाल को 1500 में से 1144.45 अंक मिले थे।

नगर निगम जनवरी से ही लोगों को फीडबैक को लेकर जागरूक कर रहा है। इसके लिए स्वच्छता एप भी मोबाइल में डाउनलोड कराए। अन्य माध्यमों से भी फीडबैक दर्ज कराए जा रहे हैं, ताकि आंकड़ा बढ़ सके।

पिछले साल स्वच्छ सर्वेक्षण में भोपाल की रैंकिंग सातवीं थी। हालांकि, देश की सबसे स्वच्छ राजधानी का तमगा छिन गया था। ऐसे में निगम के सामने स्वच्छ राजधानी का तमगा भी फिर हासिल करने की चुनौती भी है। इसके चलते जरूरी है अधिक से अधिक फीडबैक दर्ज कराए जाएं। 12 मार्च तक भोपाल सबसे अधिक फीडबैक दर्ज कराने वाले शहरों में पांचवें नंबर पर है, जबकि टाप-10 राज्यों में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के बाद दूसरे स्थान पर है।

## 10 लाख से अधिक आबादी वाले पांच शहर

रैंक शहर फीडबैक (फीसद में)

1 प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) 35
2 विशाखापट्टनम (आंध्र प्रदेश) 31
3 वाराणसी (उत्तर प्रदेश) 28
4 गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) 26
5 भोपाल (मध्य प्रदेश) 23

## राज्यों में ये अव्वल

| रैंक-राज्य | |
|---|---|
| 1-उत्तर प्रदेश | 6-तेलंगाना |
| 2-मध्य प्रदेश | 7-तमिलनाडु |
| 3-आंध्र प्रदेश | 8-महाराष्ट्र |
| 4-गुजरात | 9-कर्नाटका |
| 5-पंजाब | 10-ओडिशा |

" स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर हम तैयार हैं। आनलाइन फीडबैक में बेहतर स्थिति है। लोग सकारात्मक फीडबैक दे रहे हैं।

–एमपी सिंह, अपर आयुक्त नगर निगम

# वार्ड 14 व 41 को भी जीरो वेस्ट वार्ड बनाने की हुई शुरूआत

14-3-2021

**नगर के 8 वार्ड बन चुके हैं जीरो वेस्ट वार्ड, निगम आयुक्त झारिया ने वार्ड वार नियुक्त पर्यवेक्षकों की बैठक ली, जीरो वेस्ट वार्ड बनाने में नागरिकों का मिल रहा भरपुर सहयोग**

**रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार रतलाम नगर को जीरो वेस्ट बनाये जाने के तहत वार्ड क्रमांक 3, 7, 8, 17, 18 व 19 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है वहीं स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी हुआ।**

वार्ड क्रमांक 3, 7, 8, 17, 18 व 19 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाये जाने की सफलता का देखते हुए निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने वार्ड क्रमांक 14 व 41 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाने के निर्देश दिये जिसके तहत 13 मार्च से कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा वार्ड क्रमांक 14 व 41 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाये जाने के कार्य का निरीक्षण प्रातः क्षेत्रिय जनप्रतिनिधि, निगम अधिकारी, कर्मचारी आदि के साथ करीब 3 घन्टे तक किया गया। वार्डो को जीरो वेस्ट वार्ड बनाये जाने हेतु प्रत्येक वार्ड में 2-2 कचरा संग्रहण वाहन बिना हैल्पर प्रातः लगाये गये जिससे घर-घर से स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक लिया गया। अब तक नगर के 49 वार्डो में से 8 वार्डो को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जा चुका है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने आयोजित 12 मार्च को आयोजित बैठक में जीरो वेस्ट वार्डो में किये जा रहे कार्यो की नियुक्त वार्ड पर्यवेक्षकों से सिलसिलेवार जानकारी प्राप्त कर निर्देशित किया गंदगी का मुख्य कारण है पॉलीथीन इसलिये 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन को पूर्णतः बंद किया जाना है इसके लिये सभी वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, स्पॉट फाईन दल यह निगरानी रखें कि इसका भण्डारण कहां होता है व विक्रय कौन कौन करता है सही जानकारी प्राप्त होने पर संबंधित की पॉलीथीन जब्त की जाकर फुटकर व्यवसायियों पर 50 व दुकानदारों पर 5000 का स्पॉट फाईन किया जाये साथ ही अब तक जब्त की गई 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन को जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर ले जाकर नष्ट किया जाये।

आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्पॉट फाईन दल को यह भी निर्देश दिये कि नगर में बगैर मास्क के घुमने वाले व्यक्तियों पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन सख्ती से किया जाये। बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि नगर को गारबेज फ्री सिटी बनाने के लिये नगर में कहीं भी कचरा स्थान नहीं बने इसका विशेष ध्यान रखा जाये तथा खुले में कचरा फेंकने वालो पर जुर्माना किये जाने कार्यवाही में तेजी लाई जाये। इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि सभी सड़को की स्वीपिंग कराई जाये साथ ही व्यावसायिक क्षेत्रों में रात्रिकालीन स्वीपिंग करवाई जाये साथ ही शहर के सार्वजनिक शौचालय, मुत्रालयों की नियमित धुलाई, सफाई, कीटनाशक दवा छिड़काव, प्रकाश, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

# तन और मन के साथ ही शहर को भी स्वच्छ रखें

[illegible] 14-3-2021



रतलाम। स्वच्छता तन, मन और विचार में होगी तो हमारा शरीर भी स्वस्थ होगा। ठीक इसी तरह जब हमारा घर, मोहल्ला और शहर स्वच्छ होगा तो अपना शहर स्वस्थ भी होगा। अब स्वच्छता को सफाई से आगे इस सोच के साथ बढ़ाना चाहिए कि यह हमारे शहर के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। यह सोच बदलेगी तो स्वच्छता का स्तर और भी ऊंचा होगा।

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश और मार्गदर्शन में शुक्रवार को आयोजित स्वच्छता जागरुकता और स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम में उक्त विचार प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एमके जैन ने व्यक्त किए। श्री जैन ने कहा कि संवाद में यह बात भी सामने निकलकर आई कि स्वच्छता का संस्कार हमारे मन में होना चाहिए। यदि पॉलिथीन पर बैन लगाती है तो हमें भी किसी से पॉलिथीन में सामान लेने की अपनी सोच बदलनी होगी। जब हम मना करेंगे तो देखते-देखते यह आदत में शामिल होगा। अब जरूरत है इस बात की भी है कि हम ऐसे लोगों को रोकना-टोकना शुरू करें, जो अभी भी इसके प्रति गंभीर नहीं है। महिला एवं बाल विकास विभाग शहर परियोजना क्रमांक-1 की पर्यवेक्षक फिरदोस खान ने संबोधित करते हुए कहा कि खाली प्लॉट पर कचरा जलाने से लोगों को रोका जाना चाहिए। कार से थूकने वालों को भी सोचना चाहिए कि वे इस तरह की हरकत से समाज को क्या संदेश दे रहे है। सीनियर सिटीजन के प्रयास से हम लोगों को जागरुक कर सकते हैं।

हम नगर निगम के साथ मिलकर शहर को साफ-सुथरा बनाने के लिए काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि जब तक सेल्फ अनुशासन नहीं रहेगा, तब तक शहर को स्वच्छ रखना मुश्किल है।

मूक बधिर स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक सतीशचन्द तिवारी ने कहा कि स्वच्छ और स्वास्थ्य दोनों का आपस में तालमेल है। अगर स्वच्छता नहीं रहेगी तो हम स्वास्थ्य नहीं रह सकते। हमें पता होना चाहिए कि गंदगी से कौन-कौन सी बीमारियां होती हैं। एक समय था जब होटलों में कचोरी खाने के बाद कागज की प्लेट कोने में फेंक देते थे, लेकिन अब कहीं भी कचरा देखने को नहीं मिलता। स्वच्छता की भावना बनाए रखने के लिए हमें इंटरनेशनल क्लिनिंग डे और 2 अक्टूबर के दिनों को अच्छे से सेलिब्रेट करना चाहिए। इस दिन स्कूल और कॉलोनियों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए बड़े आयोजन रखे जा सकते है। शहर के फुटपाथ पर अतिक्रमण होने से भी कुछ जगहों पर कचरा देखने को मिलता है। शाम को लगने वाले ठेलों का कचरा कई बार फुटपाथ पर ही रह जाता है। शहर की हर गली स्वच्छ बनी रहे, इसके लिए अतिक्रमण हटाना होगा। जो दुकान संचालक कचरे को फेंकने की व्यवस्था नहीं करते हैं, उन पर सख्त कार्रवाई करनी होगी। डॉ.शहनाज सैय्यद ने कहा कि हर कॉलोनी में स्वच्छता पर निगरानी रखने के लिए एक व्यक्ति तय किया जाना चाहिए। शहर में कई आयोजन होते है। इसमें पानी की बोतल, चाय के कप और फूलों की माला का उपयोग किया जाता है। इससे रोड पर कचरा फैलता है और वातावरण भी प्रभावित होता है। हम जब भी आयोजन करते है, उसमें ध्यान रखते है कि प्लास्टिक का सामान और फूलों की माला का उपयोग न हो।

## स्पर्धाओं में महिलाओं और बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया

स्वच्छता जागरुकता और स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम के दौरान रंगोली, निबंध, वाद-विवाद, भाषण, चित्रकला सहित आधा दर्जन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में सफल हुए प्रतियोगियों को अतिथियों ने प्रमाण पत्र, मोमेन्टो और बाल पेन देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान संचालन फिरदौस खान ने किया और आभार वंदना सोलंकी ने माना।

# श्रीजी व बालाजी डिस्पोजल से 374 किलो पॉलिथीन जब्त

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

14-3-2021

शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलिथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किये जाने के तहत कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जुमनि की कार्यवाही की जा रही है।

धानमंडी क्षेत्र में श्रीजी डिस्पोजल से 242 किलो व बालाजी डिस्पोजल से 132 किलो 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलिथीन जब्त की जाकर संबंधितों पर 5000 व 3000 का जुर्माना किया गया। इसके अलावा काटजू नगर क्षेत्र में अशोक माहेश्वरी द्वारा खुले में कचरा जाता है, इसका वीडियो निगम को प्राप्त होने पर स्पॉट फाइन दल द्वारा वीडियो के आधार पर संबंधित के घर जाकर 500 रुपए का जुर्माना कर भविष्य में खुले में कचरा ना डालने की समझाइश दी।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगरीय क्षेत्र रतलाम में सब्जी, फल व अन्य सामग्री के फुटकर व्यवसायी अगर 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलिथीन का उपयोग करते हैं तो उन पर 50 रुपए का अर्थदंड किया जाकर पॉलिथीन जब्ती की कार्यवाही की जाएगी।

इसी तरह दुकानदारों द्वारा 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलिथीन का उपयोग व भंडारण करता है तो उस पर 5000 रुपए का अर्थदंड कर पॉलिथीन जब्ती की कार्यवाही की जाएगी।

नगर के नागरिक, दुकानदार व फुटकर व्यापारियों से अपील की जाती है कि वे 50 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलिथीन व प्लास्टिक का उपयोग व भंडारण ना करें। जुमनि की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विराट मेहरा आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरुद्ध जुर्माना की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# श्रीजी व बालाजी डिस्पोजल से 374 किलो पॉलीथीन जब्त

इन्दौर समाचार 14-3-2021

रतलाम। शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किये जाने के तहत कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

धानमण्डी क्षेत्र में श्रीजी डिस्पोजल से 242 किलो व बालाजी डिस्पोजल से 132 किलो 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार स्पॉट फाईन द्वारा जब्त की जाकर संबंधितों पर 5000 व 3000 का जुर्माना किया। इसके अलावा काटजू नगर क्षेत्र में अषोक माहेश्वरी द्वारा खुले में कचरा जाता है इसका विडियो निगम को प्राप्त होने पर स्पॉट फाईन दल द्वारा विडियो के आधार पर संबंधित के घर जाकर 500 रूपये का जुर्माना कर भविष्य में खुले में कचरा ना डालने की समझाईष दी।


निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगरीय क्षेत्र रतलाम में सब्जी, फल-फ्रुट व अन्य सामग्री के फुटकर व्यवसायी अगर 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग करते हैं तो उन पर 50 रूपये का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जायेगी। इसी तरह दुकानदारों द्वारा 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग व भण्डारण करता है तो उस पर 5000/- रूपये का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जायेगी।

नगर के नागरिक, दुकानदार व फुटकर व्यापारियों से अपील की जाती है कि वे 50 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व प्लास्टिक का उपयोग व भण्डारण ना करें। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विराट मेहरा आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरुद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

इन्दौर समाचार
14-3-2021

२५

# जिले में 46.32 प्रतिशत ही हुआ टीकाकरण, बर्डियागोयल में 10% ने भी नहीं लगवाई वैक्सीन, आज टीकाकरण नहीं होगा



**रतलाम** | जिले में शनिवार शाम तक जिले में 46.32 प्रतिशत ही टीकाकरण हो सका। वहीं बर्डियागोयल में तो 10% लोगों को भी वैक्सीन नहीं लगी। शनिवार को जिले के 28 केंद्रों पर टीकाकरण हुआ। इन केंद्रों पर 8 हजार लोगों को वैक्सीन लगना थी लेकिन 3706 लोग ही वैक्सीन लगवाने के लिए पहुंचे। जावरा के बर्डियागोयल स्वास्थ्य केंद्र में सिर्फ 11 लोगों को ही टीके लगे, जबकि यहां 120 को वैक्सीन लगना थी। जिले में सबसे ज्यादा टीके बाल चिकित्सालय केंद्र में लगाए गए।

**सोमवार से लग सकते हैं टीके :** जिले में रविवार को छुट्टी के कारण टीके नहीं लगाए जाएंगे। अगला टीकाकरण सोमवार को संभव है।

## मतदाता जागरूकता के संबंध में बैठक कल

रतलाम। स्थानीय निकाय निर्वाचन में मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करने संबंधी एक बैठक आगामी 15 मार्च को दोपहर 3 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई जिसमें निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार सेंस प्लान के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की गतिविधियों के सुचारू संचालन पर चर्चा की जाएगी।

## मतदाता जागरूकता को लेकर बैठक कल

रतलाम। स्थानीय निकाय निर्वाचन में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने संबंधी बैठक 15 मार्च को दोपहर 3:00 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में होगी। इसमें निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार सेंस प्लान के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की गतिविधियों के सुचारू संचालन पर चर्चा की जाएगी।

14/3/21

(11)

स्वच्छता जागरुकता व स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा

# तन और मन के साथ ही शहर को भी स्वच्छ रखें



प्रसारण सूत्र • रतलाम

14-3-2021

स्वच्छता तन, मन और विचार में होगी तो हमारा शरीर भी स्वस्थ होगा। ठीक इसी तरह जब हमारा घर, मोहल्ला और शहर स्वच्छ होगा तो अपना शहर स्वस्थ भी होगा। अब स्वच्छता को सफाई से आगे इस सोच के साथ बढ़ना चाहिए कि यह हमारे शहर के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। यह सोच बदलेगी तो स्वच्छता का स्तर और भी ऊंचा होगा।

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश और मार्गदर्शन में शुक्रवार को आयोजित स्वच्छता जागरुकता और स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम में उक्त विचार प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एमके जैन ने व्यक्त किए।

श्री जैन ने कहा कि संवाद में यह बात भी सामने निकलकर आई कि स्वच्छता का संस्कार हमारे मन में होना चाहिए। यदि पॉलिथीन पर बैन लगाती है तो हमें भी किसी से पॉलिथीन में सामान लेने की अपनी सोच बदलनी होगी। जब हम मना करेंगे तो देखते-देखते यह आदत में शामिल होगा। अब जरूरत है इस बात की भी है कि हम ऐसे लोगों को रोकना-टोकना शुरू करें, जो अभी भी इसके प्रति गंभीर नहीं हैं।

महिला एवं बाल विकास विभाग शहर परियोजना क्रमांक-1 की पर्यवेक्षक फिरदौस खान ने संबोधित करते हुए कहा कि खाली प्लॉट पर कचरा जलाने से लोगों को रोका जाना चाहिए। कार से थूकने वालों को भी सोचना चाहिए कि वे इस तरह की हरकत से समाज को क्या संदेश दे रहे हैं। सीनियर सिटीजन के प्रयास से हम लोगों को जागरूक कर सकते हैं।

हम नगर निगम के साथ मिलकर शहर को साफ-सुथरा बनाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक सेल्फ अनुशासन नहीं रहेगा, तब तक शहर को स्वच्छ रखना मुश्किल है। मूक बधिर स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक सतीशचन्द्र तिवारी ने कहा कि स्वच्छ और स्वास्थ्य दोनों का आपस में तालमेल है। अगर स्वच्छता नहीं रहेगी, तो हम स्वास्थ्य नहीं रह सकते। हमें पता होना चाहिए कि गंदगी से कौन-कौन सी बीमारियां होती हैं। एक समय था जब होटलों में कचोरी खाने के बाद कागज की प्लेट कोने में फेंक देते थे, लेकिन अब कहीं भी कचरा देखने को नहीं मिलता। स्वच्छता की भावना बनाए रखने के लिए हमें इंटरनेशनल क्लिनिंग डे और 2 अक्टूबर के दिनों को अच्छे से सेलिब्रेट करना चाहिए। इस दिन स्कूल और कॉलोनियों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए बड़े आयोजन रखे जा सकते हैं।

शहर के फुटपाथ पर अतिक्रमण होने से भी कुछ जगहों पर कचरा देखने को मिलता है। शाम को लगने वाले ठेलों का कचरा कई बार फुटपाथ पर ही रह जाता है। शहर की हर गली स्वच्छ बनी रहे, इसके लिए अतिक्रमण हटाना होगा। जो दुकान संचालक कचरे को फेंकने की व्यवस्था नहीं करते हैं, उन पर सख्त कार्रवाई करनी होगी। डॉ. शहनाज सैय्यद ने कहा कि हर कॉलोनी में स्वच्छता पर निगरानी रखने के लिए एक व्यक्ति तय किया जाना चाहिए। शहर में कई आयोजन होते हैं। इसमें पानी की बोतल, चाय के कप और फूलों की माला का उपयोग किया जाता है। इससे रोड पर कचरा फैलता है और वातावरण भी प्रभावित होता है। हम जब भी आयोजन करते हैं, उसमें ध्यान रखते हैं कि प्लास्टिक का सामान और फूलों की माला का उपयोग न हो।

**स्पर्धाओं में महिलाओं और बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया-** स्वच्छता जागरुकता और स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम के दौरान रंगोली, निबंध, वाद-विवाद, भाषण, चित्रकला सहित आधा दर्जन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में सफल हुए प्रतियोगियों को अतिथियों ने प्रमाण पत्र, मोमेन्टो और बाल पेन देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान संचालन फिरदौस खान ने किया और आभार वंदना सोलंकी ने माना।

प्रसारण 14/3/2021

(15)

आजादी के अमृत महोत्सव अभियान की शुरुआत के तहत

# मिशन नगरोदय द्वारा विकास एवं निर्माण कार्यों की सौगात मिली

## कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को नागरिकों ने देखा व सुना

प्रसारण न्यूज • रतलाम

14-3-2021

आजादी के अमृत महोत्सव अभियान की शुरुआत पर मिशन नगरोदय के तहत मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा वर्चुअल रूप से राज्य स्तरीय कार्यक्रम द्वारा रतलाम जिले के नगरीय निकायों में 843 लाख 58 हजार रुपए लागत के निर्माण कार्यों का शिलान्यास तथा 221 लाख रुपए लागत के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया।



इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम से प्रसारित उद्बोधन का सीधा प्रसारण को अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, हितग्राही आदि ने एलईडी के माध्यम से देखा व सुना। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर भारत की आजादी के 75 वर्ष को समारोहपूर्वक मनाने के लिए आजादी के अमृत महोत्सव अभियान की देशव्यापी शुरुआत 75 सप्ताह पूर्व 12 मार्च 2021 से की गई। मिशन नगरोदय के तहत नगर निगम रतलाम द्वारा 7 हितग्राहियों को 10-10 हजार रुपए के बगैर ब्याज के ऋण वितरण प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत किए गए। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत 4 स्वयं सहायता समूह को ऋण लाभ प्रदान किया गया। अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल में कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, राजेंद्रसिंह लुनेरा, मनोहर पोरवाल, प्रदीप उपाध्याय, अशोक पोरवाल, श्रीमती अनीता कटारिया, भगतसिंह भदौरिया, मंगल लोढ़ा, दिलीप गांधी, मयूर पुरोहित, आदित्य डागा, सोनी, देवेन्द्र वाधवा, निर्मल कटारिया ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर मिशन नगरोदय कार्यक्रम की शुरुआत की।

प्रसारण 14/3/2021

# मिशन नगरोदय द्वारा विकास एवं निर्माण कार्यों की सौगात मिली

14-3-2021

रतलाम। आजादी के अमृत महोत्सव अभियान की शुरुआत पर मिशन नगरोदय के तहत मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा वर्चुअल रूप से राज्य स्तरीय कार्यक्रम द्वारा रतलाम जिले के नगरीय निकायों में 843 लाख 58 हजार रुपए लागत के निर्माण कार्यों का शिलान्यास तथा 221 लाख रुपए लागत के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया।



इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम से प्रसारित उद्बोधन का सीधा प्रसारण को अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, हितग्राही आदि ने एलईडी के माध्यम से देखा व सुना। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर भारत की आजादी के 75 वर्ष को समारोहपूर्वक मनाने के लिए आजादी के अमृत महोत्सव अभियान की देशव्यापी शुरुआत 75 सप्ताह पूर्व 12 मार्च 2021 से की गई। मिशन नगरोदय के तहत नगर निगम रतलाम द्वारा 7 हितग्राहियों को 10-10 हजार रुपए के बगैर ब्याज के ऋण वितरण प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत किए गए। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत 4 स्वयं सहायता समूह को ऋण लाभ प्रदान किया गया। अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल में कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, राजेंद्रसिंह लुनेरा, मनोहर पोरवाल, प्रदीप उपाध्याय, अशोक पोरवाल, श्रीमती अनीता कटारिया, भगतसिंह भदौरिया, मंगल लोढ़ा, दिलीप गांधी, मयूर पुरोहित, आदित्य डागा, कृष्णकुमार सोनी, देवेन्द्र वाधवा, निर्मल कटारिया ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर मिशन नगरोदय कार्यक्रम की शुरुआत की।

इन्दौर समाचार
14/3/2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राजएक्सप्रेस पृष्ठ ...01... दिनांक 14...3....2021

# निगम आयुक्त ने वार्ड वार नियुक्त पर्यवेक्षकों की बैठक ली

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 14-3-2021

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार रतलाम नगर को जीरो वेस्ट बनाये जाने के तहत वार्ड क्रमांक 3, 7, 8, 17, 18 व 19 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है वहीं स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी हुआ।

वार्ड क्रमांक 3, 7, 8, 17, 18 व 19 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाये जाने की सफलता का देखते हुए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने वार्ड क्रमांक 14 व 41 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाने के निर्देश दिये जिसके तहत 13 मार्च से कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

निगम आयुक्त ने आयोजित बैठक में जीरो वेस्ट वार्डों में किये जा रहे कार्यों की नियुक्त वार्ड पर्यवेक्षकों से सिलसिलेवार जानकारी प्राप्त कर निर्देशित किया गंदगी का मुख्य कारण है पॉलीथीन इसलिये 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन को पूर्णतः बंद किया जाना है इसके लिये सभी वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, स्पॉट फाईन दल यह निगरानी रखे कि इसका भण्डारण कहां होता है व विक्रय कौन कौन करता है सही जानकारी प्राप्त होने पर संबंधित की पॉलीथीन जब्त की जाकर फुटकर व्यवसायियों पर 50 व दुकानदारों पर 5000 का स्पॉट फाईन किया जाये साथ ही अब तक जब्त की गई 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन को जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर ले जाकर नष्ट किया जाये। बैठक में निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि नगर को गारबेज फ्री सिटी बनाने के लिये नगर में कहीं भी कचरा स्थान नहीं बने इसका विशेष ध्यान रखा जाये तथा खुले में कचरा फेंकने वालो पर जुर्माना किये जाने कार्यवाही में तेजी लाई जाये। इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि सभी सड़को की स्वीपिंग कराई जाये साथ ही व्यावसायिक क्षेत्रों में रात्रिकालीन स्वीपिंग करवाई जाये साथ ही शहर के सार्वजनिक शौचालय, मुत्रालयों की नियमित धुलाई, सफाई, कीटनाशक दवा छिड़काव, प्रकाश, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।



4

# वार्ड 14 व 41 को भी जीरो वेस्ट वार्ड बनाने की हुई शुरूआत

14-3-2021

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार रतलाम नगर को जीरो वेस्ट बनाये जाने के तहत वार्ड क्रमांक 3, 7, 8, 17, 18 व 19 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है वहीं स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी हुआ। वार्ड क्रमांक 3, 7, 8, 17, 18 व 19 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाये जाने की सफलता को देखते हुए निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने वार्ड क्रमांक 14 व 41 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाने के निर्देश दिये जिसके तहत 13 मार्च से कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा वार्ड क्रमांक 14 व 41 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाये जाने के कार्य का निरीक्षण प्रात: क्षेत्रिय जनप्रतिनिधि, निगम अधिकारी, कर्मचारी आदि के साथ करीब 3 घन्टे तक किया गया। वार्डो को जीरो वेस्ट वार्ड बनाये जाने हेतु प्रत्येक वार्ड मे 2-2 कचरा संग्रहण वाहन बिना हैल्पर प्रात: लगाये गये जिससे घर-घर से स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक लिया गया। अब तक नगर के 49 वार्डो में से 8 वार्डो को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जा चुका है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने आयोजित 12 मार्च को आयोजित बैठक में जीरो वेस्ट वार्डो में किये जा रहे कार्यो की नियुक्त वार्ड पर्यवेक्षकों से सिलसिलेवार जानकारी प्राप्त कर निर्देशित किया गंदगी का मुख्य कारण है पॉलीथीन इसलिये 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन को पूर्णत: बंद किया जाना है इसके लिये सभी वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, स्पॉट फाईन दल यह निगरानी रखें कि इसका भण्डारण कहां होता है व विक्रय कौन कौन करता है सही जानकारी प्राप्त होने पर संबंधित की पॉलीथीन जब्त की जाकर फुटकर व्यवसायियों पर 50 व दुकानदारों पर 5000 का स्पॉट फाईन किया जाये साथ ही अब तक जब्त की गई 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन को जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर ले जाकर नष्ट किया जाये।

२५

**30% सैंपल फेल** • दीपावली पर लिए सैंपल की रिपोर्ट होली के पहले आई, दूध, घी सहित सभी खाद्य सामग्री में मिली मिलावट

# छह माह में आई सैंपलों की रिपोर्ट, तब तक खप गई खाने-पीने की सामग्री

**भास्कर संवाददाता | रतलाम**

14-3-2021

शहर में मिलावटी सामग्री बिक रही है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि खाद्य एवं औषधि विभाग की जांच में लिए सैंपलों में से 30 फीसदी सैंपल में मिलावट मिलना है। राज्य सरकार के आदेश पर दीपावली के पहले से खाद्य एवं औषधि विभाग ने मिलावट से मुक्ति अभियान चलाया।

9 नवंबर 2020 से शुरू हुए अभियान में विभाग ने 219 सैंपल लिए और इन्हें जांच के लिए राज्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा। इसमें से 175 की जांच रिपोर्ट आ गई है। इसमें 40 सैंपल में मिलावट निकली है। इनमें केमिकल सहित अन्य की मिलावट सामने आई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद विभाग ने अब मिलावटखोर व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। दो व्यापारियों के खिलाफ तो एफआईआर कराई है। अन्य व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए नोटिस जारी किया है। इसमें एक महीने का समय दिया है। इसके बाद एडीएम न्यायालय में प्रकरण दर्ज किया जाएगा और एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इसमें खास बात तो यह है कि जिन खाद्य सामग्रियों के सैंपल फेल हुए हैं, वो सामग्री बाजार में बिक भी गई।

**सामग्री और फेल हुए सैंपल :** दूध 03, दूध से बने अन्य पदार्थ 06 ,देशी घी- 01, लाल मिर्च पाउडर-01, सौंफ- 01, काली मिर्च-01, खुला तेल- 06, मिस ब्रांड-10 (पैकिंग पर डेट नहीं मिली, और बैच के मिला)

## किसमें क्या मिलावट की जा रही है



▪ **लाल मिर्च पाउडर**- कलर और ज्यादा लाल करने के लिए साल्वेंट मिलाया जा रहा है। राज्य प्रयोगशाल में मिर्च पाउडर में साल्वेंट की मिलावट निकली।




▪ **देसी घी**- वनस्पति और पाम ऑइल मिलाया जा रहा है। इससे इसकी वैल्यू कम आ रही है। 28 आरएम आना चाहिए लेकिन 21 आरएम ही आ रही है।



▪ **दूध**- दूध में फैट की मात्रा कम निकल रही है। दूध में 6.0 फीसदी फैट होना चाहिए। जबकि जांच के दौरान 1 से 4 फीसदी तक फैट निकला।



▪ **काली मिर्च**- 5 फीसदी से ज्यादा मिट्टी नहीं निकलना चाहिए। लेकिन इससे ज्यादा डस्ट निकली।



▪ **सौंफ**- इसमें भी 10 फीसदी तक डस्ट की मिलावट निकली है।

## दो व्यापारियों के खिलाफ विभाग ने माणकचौक थाने में एफआईआर कराई

**1 मिर्च का कलर बढ़ाने के लिए साल्वेंट मिलाते मिले, एफआईआर दर्ज :** विभाग ने करमदी रोड स्थित राज लक्ष्मी मसाला गृह उद्योग की जांच की तो यहां लाल मिर्च पाउडर का कलर बढ़ाने के लिए मिलावट की जा रही थी। जांच के दौरान दो बोरी मिली। एक में 28 किलो और दूसरे कट्टे 33 किलो मिर्च पाउडर मिला। विभाग ने इसे जब्ती में लिया। सैंपल जांच के लिए राज्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा। इसमें मिर्च पाउडर मिलावटी मिला। विभाग ने उद्योग की संचालित भावना राठौड़ एवं उनके पति प्रेमसिंह पिता बापूसिंह राठौर के खिलाफ माणकचौक थाने में एफआईआर दर्ज करवाई।

**2 देसी घी में पॉम ऑइल और वनस्पति घी की मिलावट मिली:** जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और खाद्य एवं औषधि विभाग ने जनवरी में माणकचौक स्थित न्यू पालीवाल ट्रेडर्स पर छापा मारा। देसी घी में वनस्पति घी, पॉम ऑइल और अपद्रव्य मिलाकर देसी घी तैयार किया जा रहा था। 10 किलो देसी घी में 5 किलो वनस्पति घी सहित अन्य अपद्रव्य मिलाकर 15 किलो देसी घी तैयार किया जाकर ग्राहकों 500 रुपए प्रतिकिलो के हिसाब से बेचा जा रहा था। नकली घी बनाकर बेचने पर लक्ष्मीनगर निवासी व्यापारी कैलाश पिता माणकमल पालीवाल को गिरफ्तार कर एफआईआर दर्ज कराई है।

**175 सैंपलों की रिपोर्ट आई है, 40 सैंपल फेल हुए हैं**

खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश जामरे ने बताया कि मिलावट से मुक्ति अभियान चला रहे हैं। 175 सैंपल की रिपोर्ट आई है। इसमें 40 सैंपल फेल निकले हैं। जांच के दौरान हम उन्हीं प्रोडक्ट को जब्ती में लेते हैं। जिनमें मिलावट नजर आती है और उन्हें हाथोंहाथ नष्ट भी करा देते हैं।

4 नईदुनिया
इंदौर, रविवार 14 मार्च, 2021

न्यूज गैलरी

## अनुपस्थित 52 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

रतलाम। निगम के चारों जोन के वार्डों की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान गुरुवार को बिना सूचना के 26 व शुक्रवार को बिना सूचना के 26 सफाई संरक्षक कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए गए। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार सभी का एक दिन का वेतन काटकर अस्थायी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थायी कर्मचारियों को निलंबित किए जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## अनुपस्थित 52 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा, कारण बताओ सूचना-पत्र जारी

इंदौर समाचार 14-3-2021

रतलाम। निगम के चारो झोन के वार्डों की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न वार्डों में 11 मार्च गुरूवार को बिना सूचना के 26 व 12 मार्च शुक्रवार को बिना सूचना के 26 सफाई संरक्षकों द्वारा अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थाई कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थाई कर्मचारियों को निलंबित किये जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

इंदौर समा. 14-3-2021

## अनुपस्थित 52 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा, कारण बताओ सूचना-पत्र जारी

रतलाम। निगम के चारो झोन के वार्डों की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न वार्डों में 11 मार्च गुरूवार को बिना सूचना के 26 व 12 मार्च शुक्रवार को बिना सूचना के 26 सफाई संरक्षकों द्वारा अपने कर्त्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थायी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थायी कर्मचारियों को निलंबित किए जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

प्रसारण 14-3-2021

## अनुपस्थित 52 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

निगम के चारो झोन के वार्डो की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न वार्डों में 11 मार्च गुरूवार को बिना सूचना के 26 व 12 मार्च शुक्रवार को बिना सूचना के 26 सफाई संरक्षकों द्वारा अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थाई कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थाई कर्मचारियों को निलंबित किये जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

14-3-2021

# स्वच्छता जागरूकता पर हुई प्रतियोगिताएं, विजेताओं को पुरस्कृत किया



**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

14-3-2021

स्वच्छता तन, मन और विचार में होगी तो हमारा शरीर भी स्वस्थ होगा। ठीक इसी तरह जब हमारा घर, मोहल्ला और शहर स्वच्छ होगा तो अपना शहर स्वस्थ भी होगा। अब स्वच्छता को सफाई से आगे इस सोच के साथ बढ़ाना चाहिए कि यह हमारे शहर के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। यह सोच बदलेगी तो स्वच्छता का स्तर और भी ऊंचा होगा। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश और मार्गदर्शन में आयोजित स्वच्छता जागरुकता और स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम में उक्त विचार प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एम.के.जैन ने व्यक्त किए। महिला एवं बाल विकास विभाग शहर परियोजना क्रमांक-1 की पर्यवेक्षक फिरदोस खान ने संबोधित करते हुए कहा कि खाली प्लॉट पर कचरा जलाने से लोगों को रोका जाना चाहिए। कार से थूकने वालों को भी सोचना चाहिए कि वे इस तरह की हरकत से समाज को क्या संदेश दे रहे हैं। सीनियर सिटीजन के प्रयास से हम लोगों को जागरूक कर सकते हैं। मूक बधिर स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक सतीशचन्द्र तिवारी ने कहा कि स्वच्छ और स्वास्थ्य दोनों का आपस में तालमेल है।

अगर स्वच्छता नहीं रहेगी तो हम स्वस्थ्य नहीं रह सकते। हमें पता होना चाहिए कि गंदगी से कौन-कौन सी बीमारियां होती हैं। एक समय था जब होटलों में कचोरी खाने के बाद कागज की प्लेट कोने में फेंक देते थे, लेकिन अब कहीं भी कचरा देखने को नहीं मिलता। डॉ.शहनाज सैय्यद ने कहा कि हर कॉलोनी में स्वच्छता पर निगरानी रखने के लिए एक व्यक्ति तय किया जाना चाहिए।

**स्पर्धाओं में महिलाओं और बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया:** स्वच्छता जागरुकता और स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम के दौरान रांगोली, निबंध, वाद-विवाद, भाषण, चित्रकला सहित आधा दर्जन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में सफल हुए प्रतियोगियों को अतिथियों ने प्रमाण पत्र,मोमेन्टों और बाल पेन देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान संचालन फिरदौस खान ने किया और आभार वंदना सोंलकी ने माना।

# तन और मन के साथ ही शहर को भी स्वच्छ रखे

राज एक्सप्रेस 14-3-2021

**रतलाम । स्वच्छता तन, मन और विचार में होगी तो हमारा शरीर भी स्वस्थ होगा। ठीक इसी तरह जब हमारा घर, मोहल्ला और शहर स्वच्छ होगा तो अपना शहर स्वस्थ भी होगा। अब स्वच्छता को**

**▸ स्वच्छता जागरूकता व स्वास्थ्य परीक्षण में वक्ताओं ने कहा**



**सफाई से आगे इस सोच के साथ बढ़ाना चाहिए कि यह हमारे शहर के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। यह सोच बदलेगी तो स्वच्छता का स्तर और भी ऊंचा होगा।**

स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के तहत नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश और मार्गदर्शन में शुक्रवार को आयोजित स्वच्छता जागरुकता और स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम में उक्त विचार प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एमके जैन ने व्यक्त किए। श्रीजैन ने कहा कि संवाद में यह बात भी सामने निकलकर आई कि स्वच्छता का संस्कार हमारे मन में होना चाहिए। यदि पॉलिथीन पर बैन लगाती है तो हमें भी किसी से पॉलिथीन में सामान लेने की अपनी सोच बदलनी होगी। जब हम मना करेंगे तो देखते–देखते यह आदत में शामिल होगा। अब जरूरत है इस बात की भी है कि हम ऐसे लोगों को रोकना–टोकना शुरू करें, जो अभी भी इसके प्रति गंभीर नहीं हैं।

महिला एवं बाल विकास विभाग शहर परियोजना क्रमांक 1 की पर्यवेक्षक फिरदोस खान ने संबोधित करते हुए कहा कि खाली प्लॉट पर कचरा जलाने से लोगों को रोका जाना चाहिए।

कार से थूकने वालों को भी सोचना चाहिए कि वे इस तरह की हरकत से समाज को क्या संदेश दे रहे हैं। सीनियर सिटीजन के प्रयास से हम लोगों को जागरूक कर सकते हैं। मूक बधिर स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक सतीशचन्द्र तिवारी ने कहा कि स्वच्छ और स्वास्थ्य दोनों का आपस में तालमेल है। डां.शहनाज सैय्यद ने कहा कि हर कॉलोनी में स्वच्छता पर निगरानी रखने के लिए एक व्यक्ति तय किया जाना चाहिए।

## स्पर्धाओं में महिलाओं और बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया

स्वच्छता जागरुकता और स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम के दौरान रांगोली, निबंध,वाद–विवाद,भाषण,चित्रकला सहित आधा दर्जन प्रतियोगिताओं का आयोजन

प्रतियोगियों को अतिथियों ने प्रमाण पत्र,मोमेन्टों और बाल पेन देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान संचालन फिरदौस खान ने किया और आभार वंदना सोंलकी ने माना।

राज एक्सप्रेस 14-3-2021

(12)

स्वच्छता जागरुकता व स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा

# तन और मन के साथ ही शहर को भी स्वच्छ रखे



**रतलाम ।** स्वच्छता तन, मन और विचार में होगी तो हमारा शरीर भी स्वस्थ होगा। ठीक इसी तरह जब हमारा घर, मोहल्ला और शहर स्वच्छ होगा तो अपना शहर स्वस्थ भी होगा। अब स्वच्छता को सफाई से आगे इस सोच के साथ बढ़ाना चाहिए कि यह हमारे शहर के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। यह सोच बदलेगी तो स्वच्छता का स्तर और भी ऊंचा होगा।

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत नगर निगम आयुक्त श्रीसोमनाथ झारिया के निर्देश और मार्गदर्शन में शुक्रवार को आयोजित स्वच्छता जागरुकता और स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम में उक्त विचार प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारीएमके जैन ने व्यक्त किए।

श्रीजैन ने कहां कि संवाद में यह बात भी सामने निकलकर आई कि स्वच्छता का संस्कार हमारे मन में होना चाहिए। यदि पॉलिथीन पर बैन लगाती है तो हमें भी किसी से पॉलिथीन में सामान लेने की अपनी सोच बदलनी होगी। जब हम मना करेंगे तो देखते-देखते यह आदत में शामिल होगा। अब जरूरत है इस बात की भी है कि हम ऐसे लोगों को रोकना-टोकना शुरू करें, जो अभी भी इसके प्रति गंभीर नहीं हैं।

महिला एवं बाल विकास विभाग शहर परियोजना क्रमांक-1 की पर्यवेक्षक फिरदोस खान ने संबोधित करते हुए कहां कि खाली प्लॉट पर कचरा जलाने से लोगों को रोका जाना चाहिए। कार से थूकने वालों को भी सोचना चाहिए कि वे इस तरह की हरकत से समाज को क्या संदेश दे रहे हैं। सीनियर सिटीजन के प्रयास से हम लोगों को जागरूक कर सकते हैं। हम नगर निगम के साथ मिलकर शहर को साफ-सुथरा बनाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहां कि जब तक सेल्फ अनुशासन नहीं रहेगा, तब तक शहर को स्वच्छ रखना मुश्किल है।

मूक बधिर स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक सतीशचन्द्र तिवारी ने कहां कि स्वच्छ और स्वास्थ्य दोनों का आपस में तालमेल है। अगर स्वच्छता नहीं रहेगी तो हम स्वास्थ्य नहीं रह सकते। हमें पता होना चाहिए कि गंदगी से कौन-कौन सी बीमारियां होती हैं। एक समय था जब होटलों में कचोरी खाने के बाद कागज की प्लेट कोने में फेंक देते थे, लेकिन अब कहीं भी कचरा देखने को नहीं मिलता। स्वच्छता की भावना बनाए रखने के लिए हमें इंटरनेशनल क्लिनिंग डे और 2 अक्टूबर के दिनों को अच्छे से सेलिब्रेट करना चाहिए। इस दिन स्कूल और कॉलोनियों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए बड़े आयोजन रखे जा सकते हैं। शहर के फुटपाथ पर अतिक्रमण होने से भी कुछ जगहों पर कचरा देखने को मिलता है। शाम को लगने वाले ठेलों का कचरा कई बार फुटपाथ पर ही रह जाता है। शहर की हर गली स्वच्छ बनी रहे, इसके लिए अतिक्रमण हटाना होगा। जो दुकान संचालक कचरे को फेंकने की व्यवस्था नहीं करते हैं, उन पर सख्त कार्रवाई करनी होगी।

डॉ.शहनाज सैय्यद ने कहां कि हर कॉलोनी में स्वच्छता पर निगरानी रखने के लिए एक व्यक्ति तय किया जाना चाहिए। शहर में कई आयोजन होते हैं। इसमें पानी की बोतल, चाय के कप और फूलों की माला का उपयोग किया जाता है। इससे रोड पर कचरा फैलता है और वातावरण भी प्रभावित होता है। हम जब भी आयोजन करते हैं, उसमें ध्यान रखते हैं कि प्लास्टिक का सामान और फूलों की माला का उपयोग न हो।

## स्पर्धाओं में महिलाओं और बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया

स्वच्छता जागरुकता और स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम के दौरान रांगोली, निबंध,वाद-विवाद,भाषण,चित्रकला सहित आधा दर्जन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में सफल हुए प्रतियोगियों को अतिथियों ने प्रमाण पत्र,मोमेन्टों और बाल पेन देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान संचालन फिरदौस खान ने किया और आभार वंदना सोलंकी ने माना।

तेज एक्सप्रेस
14/03/2021

(16)

लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद एससी/एसटी के लिए आरक्षित करने को चुनौती दी थी

# 81 नगरीय निकाय में चुनाव से पहले आरक्षण प्रक्रिया पर हाईकोर्ट की रोक

भास्कर 14-3-2021

**भोपाल/ग्वालियर** | प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। नगरीय निकायों में अध्यक्ष और महापौर के आरक्षण के लिए पिछले साल 10 दिसंबर को जारी नोटिफिकेशन के उस भाग पर रोक लगा दी है, जिसमें अजा-जजा के लिए लगातार दूसरी बार आरक्षित किया गया है। कोर्ट के आदेश से प्रदेश के दो नगर निगम मुरैना व उज्जैन के महापौर और 79 नगर पालिका व नगर परिषद के अध्यक्ष पद के लिए हुआ आरक्षण प्रभावित होगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि याचिका के लंबित होने के चलते नए सिरे से रोटेशन पद्धति को अपनाते हुए आरक्षण करने पर किसी प्रकार की कोई रोक नहीं रहेगी। शेष पेज 8 पर

## प्रदेश की स्थिति

| कुल निकाय | नगर निगम | चुनाव होना हैं |
|---|---|---|
| 407 | 16 | 344 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| कितने नगर पालिका/ परिषद के चुनाव पर लगी रोक | 79 | कितने नगर निगम के चुनाव पर लगी रोक | 02 |

## एक्सपर्ट व्यू : सरकार के पास ये 3 विकल्प

1. ये अंतरिम आदेश है। सरकार कोर्ट में जवाब पेश करते हुए आदेश को वापस लेने की गुहार लगा सकती है। 2. सरकार को यदि ये लगता है कि आरक्षण प्रक्रिया में किसी प्रकार की त्रुटि नहीं की गई है और कोर्ट इस स्थिति में हस्तक्षेप नहीं कर सकता। ऐसे में सरकार सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर कर सकती है। 3. आरक्षण संबंधी तीनों याचिकाओं की एक साथ सुनवाई हो। स्पेशल बेंच का गठन किया जाए। इससे तीनों याचिकाओं का जल्द निराकरण हो सकेगा।

जैसा सीनियर एडवोकेट आरपी सिंह, पूर्व महाधिवक्ता, मप्र ने बताया

## 81 नगरीय निकाय में...

इसके बाद चुनाव कार्यक्रम घोषित करने के साथ ही चुनाव कराया जा सकेगा। मामले की अगली सुनवाई अप्रैल में होगी। इस फैसले का सीधा असर प्रदेश के नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा पर पड़ेगा। माना जा रहा था कि 15 मार्च तक निकाय चुनाव की घोषणा होती है। लेकिन अब इस प्रकरण का निपटारा हुए बिना नगरीय निकाय के चुनाव की प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकती। नगरीय निकायों में महापौर और अध्यक्ष का आरक्षण एक साथ होता है। इसमें आबादी व रोटेशन दोनों को आधार बनाया जाता है। एडवोकेट मानवर्धन सिंह तोमर की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस शील नागू और जस्टिस आनंद पाठक की डिवीजन बेंच ने कहा कि अभी रोटेशन पद्धति की अनदेखी करते हुए अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण किया गया है। इससे एक वर्ग का व्यक्ति लगातार दो बार चुनाव लड़ सकेगा और गैर आरक्षित वर्ग के व्यक्ति को प्रतिनिधित्व करने का अवसर नहीं मिलेगा। इसलिए इस पर अंतरिम रोक लगाई जाती है। दरअसल, हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई, जिसमें मप्र की उन नगर निगम, नगर पंचायत और नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष के लिए हुए आरक्षण को ये कहते हुए चुनौती दी गई कि यह निकाय लगातार दूसरी बार एसटी अथवा एससी वर्ग के लिए आरक्षित किए गए हैं। इसमें उज्जैन और मुरैना नगर निगम के साथ 79 नगरपालिका व नगर परिषद शामिल है। एडवोकेट अभिषेक भदौरिया ने बताया कि नियमानुसार, अध्यक्ष पद का आरक्षण रोटेशन पद्धति अपनाते हुए करना चाहिए था। याचिका में हाई कोर्ट की ग्वालियर बेंच के उस आदेश का भी हवाला दिया गया जिसमें डबरा नगर पालिका और इंदरगढ़ नगर परिषद के अध्यक्ष पद के आरक्षण पर रोक लगा दी गई है। दोनों जगह अध्यक्ष का पद एससी वर्ग के लिए लंबे समय से आरक्षित किया जा रहा है। डबरा और इंदरगढ़ के मामले में अतिरिक्त महाधिवक्ता अंकुर मोदी ने कोर्ट को बताया कि चूंकि, कोर्ट ने केवल दो निकाय के अध्यक्ष पद के लिए किए गए आरक्षण पर ही रोक लगाई है। इसलिए शासन ने शेष स्थानों पर चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि अभी चुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है।

दै. भास्कर
14-3-2021


(26)

# 28 केंद्रों पर सर्वाधिक 2343 बुजुर्गों ने लगवाया टीका, आज रहेगा अवकाश

14-3-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में 28 केंद्रों पर शनिवार को 8000 कोरोना वैक्सीन लगाने का लक्ष्य तय किया था, जिस पर 3706 टीके लगाए गए। इसमें 2693 को पहली और 1013 को दूसरी डोज दी गई। 60 वर्ष से अधिक आयु वाले 2343 बुजुर्गों को टीका लगा। साथ ही 40 से 60 वर्ष की आयु के 283 और 225 स्वास्थ्यकर्मी एवं 788 फ्रंट लाइन वर्करों ने टीका लगवाया। इन्हें पहली और दूसरी डोज दी गई।

बुजुर्गों में टीका लगाने के प्रति रुचि बनी हुई है। शनिवार को एक बार फिर जिले में सर्वाधिक बाल चिकित्सालय में 608 टीके लगे। वहीं मेडिकल कालेज



में 398 और डीआरपी लाइन में 129 टीके लगे। इसी तरह अन्य केंद्रों में भी टीकाकरण हुआ। लक्ष्य के अनुसार उपलब्धि कम रही, लेकिन कोरोना के नए मामले बढ़ने के बाद लोग स्वेच्छा से केंद्रों में टीका लगवाने आ रहे हैं। खासकर बुजुर्गों में लगातार उत्साह देखा जा रहा है। अब रविवार को टीकाकरण नहीं होगा।

### अब तक टीकाकरण की स्थिति

| | |
|---|---|
| टीकाकरण का लक्ष्य | 179085 |
| टीके लगे | 28794 |
| पहली डोज | 22958 |
| दूसरी डोज | 5836 |
| स्वास्थ्यकर्मी | 6776 |
| फ्रंटलाइन वर्कर | 6303 |
| 45 से 59 वर्ष आयु वाले | 648 |
| 60 वर्ष से अधिक आयु वाले | 9231 |
| पहली डोज | 12.82 प्रतिशत |
| दूसरी डोज | 25.42 प्रतिशत |

नईदुनिया
14/3/2021

(07)

# महाशिवरात्रि पर शिवभक्तों ने लिया स्वच्छता का संकल्प

- स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत जगह-जगह दिया गया स्वच्छता का संदेश
- आकर्षक रांगोली के माध्यम से बताए गए कचरा निपटान के तरीके

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

13-3-2021

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर के हजारों नागरिकों ने शहर की स्वच्छ और सुंदर बनाए जाने के लिए नगर निगम के प्रयासों की सराहना करते हुए फीडबेक में सकारात्मक जवाब देने का वादा किया है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश और मार्गदर्शन में शहर के अनेक शिवमंदिरों में स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए वहीं अलग-अलग स्थानों पर आकर्षक रांगोली बना कर कचरा निपटान के तरीके लोगों को समझाए गए।

शिव मंदिरों पर नगर निगम के स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम शुरू हो चुके थे। गढ़ कैलाश, काशी विश्वनाथ, मनकामनेश्वर, अमरेश्वर महादेव सहित सभी मंदिरों के आसपास सफाई की विशेष व्यवस्था के साथ ही मंदिर में आए शिवभक्तों को सफाई

मित्र समूह के सदस्य फीडबैक पेम्पलेट का वितरण कर उनसे मौके पर ही 1969 पर कॉल करने का अनुरोध करते रहे। अनेक भक्तों ने स्वच्छता से जुड़ी इस पहल की सराहना करते हुए फीडबैक में सकारात्मक जवाब देने का संकल्प दोहराया है।

इस मौके पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि स्वच्छता भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग है। हमारी भारतीय संस्कृति के किसी भी समाज में स्वच्छता की पूरी व्यवस्था होती है. कई त्योहार आदि भी स्वच्छता को ध्यान में रख कर ही मनाये जाते हैं. हमारे आदिवासी समाज साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखते हैं. उनके घरों की बसावट और चित्रकला से भी स्वच्छता का महत्व उजागर होता है। आधुनिक समय में स्वच्छता को नया आयाम देने में महात्मा गांधी की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। उनका स्वच्छता के प्रति लगाव इस कथन से परिलक्षित होता है कि अगर स्वतंत्रता और स्वच्छता में चयन करना पड़े, तो मैं स्वच्छता को चुनूंगा. स्वतंत्रता को टाला जा सकता है, पर स्वच्छता को नहीं टाला जा सकता है।

उन्होंने बताया कि अस्वच्छता बीमारियों को जन्म देती है ऐसे में जरुरी है कि हर कोई स्वच्छता को अपना कर अपना जीवन स्वस्थ और शहर को सुंदर बनाने का प्रयास करे। हमारा प्रयास है कि शहर के सभी वार्ड जीरो वेस्ट हो, इसके लिए प्रयास शुरू किए गए और कुछ वार्डों में जीरो वेस्ट की कार्रवाई प्रगति पर है।

आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नगरवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस पावन पर्व पर नगर के सभी तीन लाख स्वच्छता सुपर स्टार संकल्प ले कि वे स्वच्छता के मामले में रतलाम को देश में नम्बर-1 बनाएंगे और सेव, साड़ी और सोने के बाद सफाई में ही रतलाम का नाम विश्वभर में चर्चित होगा। नागरिक गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रख कर इसे कचरा संग्रहण वाहन में ही डाले। अमानक प्लास्टिक का बहिष्कार करें, डिस्पोजल कप और गिलाश से नाता तोड़े और शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में नगर निगम का सहयोग करे

अवन्तिका।
15/03/21

दैनिक भास्कर, रविवार, 14 मार्च 2021

(21)

# सरकारी एजेंसी ही माफिया

## आवासों के 3.79 करोड़ रुपए जमा, अफसर नहीं करवा रहे रजिस्ट्री, ठेकेदार ने काम अधूरा छोड़ा

### सीएम ने इंदौर में दो दिन पहले कहा था कोई बब्बू-छब्बू नहीं बचेगा लेकिन यहां तो सरकारी एजेंसी आरडीए ही दागी


**▪ इंजीनियरों ने एक बार भी नहीं किया निरीक्षण, ऑफिस में बैठकर पास कर दिए बिल**

**▪ ठेकेदार ने कलेक्टर की जांच रिपोर्ट के बाद कुछ दिन काम चालू कर फिर बंद भी कर दिया**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

प्रदेश में भू- माफियाओं के खात्मे में जुटे मुख्यमंत्री की मंशा के ठीक उल्ट सरकारी एजेंसी रतलाम विकास प्राधिकरण (आरडीए) भूमाफिया की तरह 22 लोगों के लगभग 3.79 करोड़ रुपए अटकाए बैठा है। ये लोग ढाई साल से आरडीए के चक्कर लगा लगा रहे हैं। अब तक रजिस्ट्री नहीं हो पाई है।

दरअसल मामला तब बिगड़ा जब रजिस्ट्रेशन कराने वालों ने मकान निर्माण घटिया होने की शिकायत कर दी। कलेक्टर की जांच में निर्माण तो सही निकला था लेकिन कुछ खामियों और लाइट फिटिंग, सैनेटरी वर्क सहित कुछ छोटे काम अधूरे मिले थे। अब निर्माण के दौरान चेकिंग करने के बजाय ऑफिस में बैठकर बिल पास करने वाले इंजीनियर ठेकेदार पर काम पूरा करने दबाव बना रहे हैं। उधर राजनीतिक पकड़ की बदौलत 1.90 करोड़ में से 1.80 करोड़ रुपए ले चुका ठेकेदार भी काम शुरू करने को तैयार नहीं है। अफसर व ठेकेदार की लड़ाई में बैंक से लोन लेकर रुपए भरने वाले परिवार पिसा रहे हैं। कई बार रजिस्ट्री कराने का आवेदन देने के बावजूद अफसर लगातार टालमटोल कर रहे हैं।



परशुराम विहार कॉलोनी में बनकर तैयार मकान, जिनकी रजिस्ट्री नहीं करवा रहा विकास प्राधिकरण।

### बैंक से लोन ले रखा है लेकिन रजिस्ट्री नहीं हो रही

**1** ललित सोनगरा ने पत्नी हेमलता सोनगरा के नाम से ईडब्ल्यूएस मकान बुक कराया था। जनवरी में अंतिम किस्त 1.76 लाख के साथ 10 लाख रुपए भर चुका हूं। बावजूद इसके विकास प्राधिकरण रजिस्ट्री नहीं करवा रहा। दो -तीन बार आवेदन दे चुका है। इंजीनियर कहते हैं कि आप लिखकर दे दो निर्माण गुणवत्तापूर्ण हुआ है। हम रजिस्ट्री करा देंगे। लोन ले रखा है। बैंक मॉर्डगेज में रजिस्ट्री मांग रहा है लेकिन कहां से लाएं।

**2** मुकेश परिहार ने 2016-17 में 98 हजार भरकर ईडब्ल्यूएस मकान का रजिस्ट्रेशन कराया था। अब तक पांच किस्तों में पूरे 10 लाख रुपए भर चुके मुकेश को अब तक मकान नहीं मिल पाया है। मुकेश के अनुसार मकान तो बनकर तैयार है फिर भी रतलाम विकास प्राधिकरण रजिस्ट्री नहीं करवा रहा। कभी ठेकेदार द्वारा काम नहीं करने तो कभी कोरोना व अन्य बहाने बनाकर लगातार टाला जा रहा है। सारे लोग परेशान हो रहे हैं।

**यह है मामला :** 2016-17 में रतलाम विकास प्राधिकरण में बंजली स्थित मेडिकल कॉलेज के पास परशुराम विहार कॉलोनी में 50 मकान बनाकर बेचने की निविदा निकाली थी। इसमें ईडब्ल्यूएस मकान के लिए 14, एल-वन (एलआईजी) के लिए 5, एल-2 (एमआईजी) के लिए 3 सहित 22 रजिस्ट्रेशन हुए थे। आरडीए ने टेंडर निकालकर ठेका उज्जैन के ठेकेदार महेंद्र कुमार सेठिया को दिया था। निर्माण के दौरान ही रजिस्ट्रेशन कराने वालों ने ठेकेदार द्वारा गुणवत्तापूर्ण काम नहीं करने की शिकायत की थी। इस पर तत्कालीन कलेक्टर रुचिका चौहान ने जांच बैठा दी थी। पीडब्ल्यूडी और हाउसिंग बोर्ड ईई द्वारा की जांच लाइट फिटिंग, व्हाइट वॉश व सैनेटरी का काम अधूरा मिला था। इनमें से भी सिर्फ व्हाइट वॉश ही हो पाया है। बाकी निर्माण सही पाया गया था।

### 8 साल से अध्यक्ष नहीं

आरडीए में लेतलाली का सबसे प्रमुख कारण अध्यक्ष का नहीं होना है। 2013 में तत्कालीन अध्यक्ष विष्णु त्रिपाठी ने चुनाव के कारण पद छोड़ा था। उसके बाद से राजनीतिक खींचतान के चलते भाजपा और सवा साल के कार्यकाल में कांग्रेस भी नियुक्ति नहीं कर पाई। सीईओ की कमान एडीएम के हाथ में रहती है, जिनके पास पहले ही बहुत काम है।

*▪ लाइट फिटिंग, सैनेटरी सहित अन्य कुछ काम का बाकी है। पूरा करने के लिए ठेकेदार को नोटिस दिया है। उसके बाद रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू होगी।*
**रंजन गर्ग,** ईई-आरडीए

*▪ आरडीए द्वारा दी गई ड्राइंग, डिजाइन के अनुसार मकान निर्माण किया है। खरीदने वाले उससे ज्यादा काम कराना चाहते हैं। कलेक्टर की जांच में भी स्थिति साफ हो गई है। जो काम बाकी है, उन्हें 20 दिन में पूरा कर देंगे।*
**महेंद्र कुमार सेठिया,** मकान निर्माण ठेकेदार

दै. भास्कर
14-3-2021

# 726 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

इन्दौर समाचार 14-3-2021

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा क्योंकि मवेशी पालको द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 12 मार्च तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 726 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 12 मार्च शुक्रवार को हाट रोड व टीआईटी रोड से 2 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये। शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालको के बाड़े एवं तबेलों को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़ो का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी।

# 726 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

14-3-2021

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहो पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन मे पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा क्योंकि मवेशी पालको द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 12 मार्च तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 726 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 12 मार्च शुक्रवार को हाट रोड व टीआईटी रोड से 2 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये। शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालको के बाड़े एवं तबेलों को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़ो का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वयं अपने तबेले एवं बाड़े नही तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी।

14-3-2021

(06)

# वार्ड 14 व 41 को भी जीरो वेस्ट वार्ड बनाने की हुई शुरूआत

तेज एक्सप्रेस 14-3-2021



**रतलाम । कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार रतलाम नगर को जीरो वेस्ट बनाये जाने के तहत वार्ड क्रमांक 3, 7, 8, 17, 18 व 19 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है वहीं स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी हुआ।**

वार्ड क्रमांक 3, 7, 8, 17, 18 व 19 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाये जाने की सफलता का देखते हुए निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने वार्ड क्रमांक 14 व 41 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाने के निर्देश दिये जिसके तहत 13 मार्च से कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा वार्ड क्रमांक 14 व 41 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाये जाने के कार्य का निरीक्षण प्रातः क्षेत्रिय जनप्रतिनिधि, निगम अधिकारी, कर्मचारी आदि के साथ करीब 3 घन्टे तक किया गया। वार्डो को जीरो वेस्ट वार्ड बनाये जाने हेतु प्रत्येक वार्ड में 2-2 कचरा संग्रहण वाहन बिना हैल्पर प्रातः लगाये गये जिससे घर-घर से स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक लिया गया। अब तक नगर के 49 वार्डों में से 8 वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जा चुका है।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने आयोजित 12 मार्च को आयोजित बैठक में जीरो वेस्ट वार्डो में किये जा रहे कार्यो की नियुक्त वार्ड पर्यवेक्षकों से सिलसिलेवार जानकारी प्राप्त कर निर्देशित किया गंदगी का मुख्य कारण है पॉलीथीन इसलिये 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन को पूर्णतः बंद किया जाना है इसके लिये सभी वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, स्पॉट फाईन दल यह निगरानी रखें कि इसका भण्डारण कहां होता है व विक्रय कौन कौन करता है सही जानकारी प्राप्त होने पर संबंधित की पॉलीथीन जब्त की जाकर फुटकर व्यवसायियों पर 50 व दुकानदारों पर 5000 का स्पॉट फाईन किया जाये साथ ही अब तक जब्त की गई 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन को जुलवानिया टेऊचिंग ग्राउण्ड पर ले जाकर नष्ट किया जाये।

आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्पॉट फाईन दल को यह भी निर्देश दिये कि नगर में बगैर मास्क के घुमने वाले व्यक्तियों पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन सख्ती से किया जाये बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि नगर को गारबेज फ्री सिटी बनाने के लिये नगर में कहीं भी कचरा स्थान नहीं बने इसका विशेष ध्यान रखा जाये तथा खुले में कचरा फेंकने वालो पर जुर्माना किये जाने कार्यवाही में तेजी लाई जाये।

इसके अलावा उन्होने निर्देशित किया कि सभी सड़को की स्वीपिंग कराई जाये साथ ही व्यावसायिक क्षेत्रों में रात्रिकालीन स्वीपिंग करवाई जाये साथ ही शहर के सार्वजनिक शौचालय, मुत्रालयों की नियमित धुलाई, सफाई, कीटनाशक दवा छिड़काव, प्रकाश, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

जीरो वेस्ट वार्ड 3, 7, 8, 14, 17, 18, 19 व 41 में 2-2 कचरा संग्रहण वाहन बिना हैल्पर के पंहूचे वाहन के साथ दुर्गा व ईश्वर स्व सहायता समूह रैग पिकर्स महिला, आई.ई.सी. टीम के सदस्य, वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, इंजीनियर आदि ने वार्ड के 100 प्रतिशत घरो पर जाकर नागरिकों से गीला एव सूखा कचरा पृथक-पृथक प्राप्त कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक वाहनों में डाला।

तेज एक्सप्रेस
14/3/21

(13)

# तन और मन के साथ ही शहर को भी स्वच्छ रखे

## स्वच्छता जागरुकता व स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम
14-3-2021



स्वच्छता तन, मन और विचार में होगी तो हमारा शरीर भी स्वस्थ होगा। ठीक इसी तरह जब हमारा घर, मोहल्ला और शहर स्वच्छ होगा तो अपना शहर स्वस्थ भी होगा। अब स्वच्छता को सफाई से आगे इस सोच के साथ बढ़ाना चाहिए कि यह हमारे शहर के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। यह सोच बदलेगी तो स्वच्छता का स्तर और भी ऊंचा होगा।

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश और मार्गदर्शन में शुक्रवार को आयोजित स्वच्छता जागरुकता और स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम में उक्त विचार प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एमके जैन ने व्यक्त किए।

श्री जैन ने कहा कि संवाद में यह बात भी सामने निकलकर आई कि स्वच्छता का संस्कार हमारे मन में होना चाहिए। यदि पॉलिथीन पर बैन लगाती है तो हमें भी किसी से पॉलिथीन में सामान लेने की अपनी सोच बदलनी होगी। जब हम मना करेंगे तो देखते-देखते यह आदत में शामिल होगा। अब जरूरत है इस बात की भी है कि हम ऐसे लोगों को रोकना-टोकना शुरू करें, जो अभी भी इसके प्रति गंभीर नहीं हैं।

महिला एवं बाल विकास विभाग शहर परियोजना क्रमांक-1 की पर्यवेक्षक फिरदौस खान ने संबोधित करते हुए कहा कि खाली प्लॉट पर कचरा जलाने से लोगों को रोका जाना चाहिए। कार से थूकने वालों को भी सोचना चाहिए कि वे इस तरह की हरकत से समाज को क्या संदेश दे रहे हैं। सीनियर सिटीजन के प्रयास से हम लोगों को जागरूक कर सकते हैं।

हम नगर निगम के साथ मिलकर शहर को साफ-सुथरा बनाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक सेल्फ अनुशासन नहीं रहेगा, तब तक शहर को स्वच्छ रखना मुश्किल है।

मूक बधिर स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक सतीशचन्द्र तिवारी ने कहा कि स्वच्छ और स्वास्थ्य दोनों का आपस में तालमेल है। अगर स्वच्छता नहीं रहेगी तो हम स्वस्थ नहीं रह सकते। हमें पता होना चाहिए कि गंदगी से कौन-कौन सी बीमारियां होती हैं। एक समय था जब होटलों में कचोरी खाने के बाद कागज की प्लेट कोने में फेंक देते थे, लेकिन अब कहीं भी कचरा देखने को नहीं मिलता। स्वच्छता की भावना बनाए रखने के लिए हमें इंटरनेशनल क्लिनिंग डे और 2 अक्टूबर के दिनों को अच्छे से सेलिब्रेट करना चाहिए। इस दिन स्कूल और कॉलोनियों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए बड़े आयोजन रखे जा सकते हैं।

शहर के फुटपाथ पर अतिक्रमण होने से भी कुछ जगहों पर कचरा देखने को मिलता है। शाम को लगने वाले ठेलों का कचरा कई बार फुटपाथ पर ही रह जाता है। शहर की हर गली स्वच्छ बनी रहे, इसके लिए अतिक्रमण हटाना होगा। जो दुकान संचालक कचरे को फेंकने की व्यवस्था नहीं करते हैं, उन पर सख्त कार्रवाई करनी होगी।

डॉ.शहनाज सैय्यद ने कहा कि हर कॉलोनी में स्वच्छता पर निगरानी रखने के लिए एक व्यक्ति तय किया जाना चाहिए। शहर में कई आयोजन होते हैं। इसमें पानी की बोतल, चाय के कप और फूलों की माला का उपयोग किया जाता है। इससे रोड पर कचरा फैलता है और वातावरण भी प्रभावित होता है। हम जब भी आयोजन करते हैं, उसमें ध्यान रखते हैं कि प्लास्टिक का सामान और फूलों की माला का उपयोग न हो। स्वच्छता जागरुकता और स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम के दौरान रांगोली, निबंध, वाद-विवाद, भाषण, चित्रकला सहित आधा दर्जन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में सफल हुए प्रतियोगियों को अतिथियों ने प्रमाण पत्र, मोमेन्टों और बाल पेन देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान संचालन फिरदौस खान ने किया और आभार वंदना सोलंकी ने माना।

अवन्तिका
14/3/2021

# स्वच्छ अभियान : अब वार्ड 14 व 41 बनेंगे जीरो वेस्ट, 52 कर्मचारी फिर ड्यूटी से गायब

## फाइनल सर्वे के लिए कभी भी आ सकती है क्यूसीआई की टीम

भास्कर संवाददाता | रतलाम

14-3-2021

स्वच्छ सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग लाने के लिए अब तक 6 वार्ड को जीरो वेस्ट बना चुके नगर निगम ने अब वार्ड 14 व 41 में भी अभियान छेड़ दिया है। इनमें भी स्व सहायता समूह की महिलाओं के सहयोग से घर-घर से गीला व सूखा कचरा अलग-अलग इकट्ठा किया जाने लगा है। निगम की इस कोशिश पर पानी फेर रहे हैं सफाई कर्मचारी। उनका बिना बताए ड्यूटी से गैरहाजिर रहने का सिलसिला अभी भी बंद नहीं हुआ है।

गुरुवार व शुक्रवार को कुल 52 कर्मचारी ड्यूटी से अनुपस्थित मिले। हमेशा की तरह निगम आयुक्त ने सभी को नोटिस जारी कर दिए हैं। उधर बताया जा रहा है कि चार दिनों से गुपचुप चल रहा गार्बेज फ्री सिटी स्टार रेटिंग का सर्वे खत्म हो गया है।

## आयुक्त ने देखा जीरो वेस्ट वार्ड से कैसे इकट्ठा किया जा रहा कचरा




कचरा कलेक्शन गाड़ी में रखे कचरे को और व्यवस्थित तरीके से इकट्ठा करने के निर्देश देते आयुक्त झारिया।

वार्ड 3, 7, 8, 17, 18, 19 के बाद अब नगर निगम ने वार्ड 14 व 41 को जीरो वेस्ट बनाने की शुरुआत कर दी है। इसमें स्व सहायता समूह की महिलाएं घर-घर से गीला व सूखा कचरा इकट्ठा कर रही है। गीले कचरे को ट्रेंचिंग ग्राउंड, जबकि सूखे कचरे का वार्ड में ही निपटान किया जा रहा है। शनिवार को आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जनप्रतिनिधियों व रहवासियों के साथ दोनों वार्ड का निरीक्षण किया।

## वेतन काटने के साथ नोटिस दिया

सफाई के चार जोन में गुरुवार को 25 तथा शुक्रवार को 27 सफाई कर्मचारी ड्यूटी से अनुपस्थित मिले। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सभी को वेतन काटने, बर्खास्त और निलंबित करने को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

**374 किलो पॉलीथिन जब्त** 50 माइक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथिन व प्लास्टिक उपयोग के खिलाफ चल रहे अभियान में शुक्रवार को निगम अमले ने धानमंडी स्थित श्रीजी डिस्पोजल से 242 किलो तथा बालाजी डिस्पोजल से 132 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने श्रीजी डिस्पोजल पर 5000 रुपए और बालाजी डिस्पोजल पर 3000 रुपए का जुर्माना भी वसूला।

## सीसीटीवी में दिखे कचरा डालते

सीसीटीवी से कचरा फेंकने वालों पर नजर रख रहे निगमकर्मियों ने शुक्रवार को काटजू नगर निवासी अशोक माहेश्वरी को खुले में कचरा फेंकते देखा। फुटेज लेकर निगम अमला काटजू नगर पहुंचा और फुटेज दिखाकर 500 रुपए का स्पॉट फाइन वसूला।

**जागरूकता कार्यक्रम** : स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत जनचेतना मूकबधिर मंदबुद्धि स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। आयुक्त सोमनाथ झारिया, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एमके जैन, महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना क्रमांक एक पर्यवेक्षक फिरदौस खान, वरिष्ठ शिक्षक सतीशचंद्र तिवारी आदि संबोधित किया। स्कूल बच्चों की रंगोली, निबंध, वाद-विवाद, भाषण, चित्रकला स्पर्धा कराकर पुरस्कृत किया गया। आभार वंदना सोलंकी ने माना।